**CBSE Class–3 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 5. बहादुर बित्तो**

**कहानी में ढूँढो**

**प्रश्न 1. शेर किसान से क्या लेने गया था?**

**उत्तर-** शेर किसान से उसका बैल लेने गया था|

**प्रश्न 2. शेर ने बि त्तो को राक्षसी क्यों समझ लिया?**

**उत्तर -** बित्तो ने सिर पर बड़ा-सा पग्गड़ बाँध रखा था और उसके हाथ में दराँती भी थी| उसने किसान से कहा कि तुमने तो कहा था कि चार शेर फाँस रखे है| चलो, नाश्ते में एक ही शेर काफी है| इसलिए शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया था|

**प्रश्न 3. बैल की जान कैसे बच गई?**

**उत्तर -** बैल की जान बित्तो के उपाय से बच गई| उसने धैर्य से काम लिया| शेर ने बित्तो को चार शेरों का नाश्ता करने वाली समझ लियाऔर भाग गया|

**तुम्हारी ज़बानी**

**नीचे कुछ शब्दों के नीचे रेखाएँ दी हुई हैं| उन्हें ध्यान में रखते हुए नीचे लिखे वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो|**

**प्रश्न 1. बित्तो घोड़े पर सवार हो गई|**

**उत्तर-** घोड़े पर बित्तो सवार हो गई|

**प्रश्न 2. तुम घर की गाए को शेर के हवाले कर रहे थे|**

**उत्तर-** घर की गाय को तुम शेर के हवाले कर रहे थे|

**प्रश्न 3. आज एक राक्षसी से पाला पड़ गया|**

**उत्तर-** एक राक्षसी से आज पाला पड़ गया|

**प्रश्न 4. अगर बैल आपके हाथ न आए तो मेरा नाम भेड़िया नहीं|**

**उत्तर-** आपके हाथ अगर बैल न आए तो मेरा नाम भेड़िया नहीं|

**प्रश्न 5. शेर को देखते ही किसान के होश-हवास गुम हो गए|**

**उत्तर-** किसान के शेर को देखते ही होश-हवास गुम हो गए|

**बेचारा भेड़िया!**

**प्रश्न 1. शेर तो डर कर भाग गया| सोचो भेड़िए का क्या हुआ होगा?**

**उत्तर-** शेर और भेड़िए ने एक-दुसरे की पूँछ-से-पूँछ बाँध रखी थी| जब शेर डर कर भागा तो भेड़िया भी उसके साथ घिसटता हुआ गया| इससे उसका बुरा हाल हो गया| वह बुरी तरह जख्मी हो गया|

**प्रश्न 2. शेर किसान के पास कितनी बार गया था? कहानी देखे बिना बताओ?**
**उत्तर-** शेर किसान के पास दो बार गया था|

**खाली जगह में क्या आएगा?**
**प्रश्न- मेरी छत पर मोर आया|**
**मेरी छत पर मोरनी आई|**
**मोर-मोरनी की तरह नीचे लिखे शब्दों क एभि रूप बदलो|**
**उत्तर- औरत** - आदमी
**घोड़ा** - घोड़ी
**शेर** - शेरनी
**मछुआरा** – मछुआरन
**बच्चा** - बच्ची
**राजा** - रानी

---

**मैं नहीं जऊँगा!**
**प्रश्न- शेर ने बि त्तो को राक्षसी समझ लिया | वह खेत में नहीं जाना चाहता था पर भेड़िए के समझाने पर राजी हो गया | सोचो , शेर और भेड़िए के बीच क्या बातचीत हुई होगी?**
**उत्तर -** शेर - भेड़िए, तुम क्यों हँस रहे हो?
**भेड़िया - महाराज , वह** तो बित्तो थी|
**शेर - नहीं , नहीं ! वह सचमुच राक्षसी थी|**
**भेड़िया - मैंने अपनी आ ँ खों से देखा है महाराज | वह** तो बित्तो ही थी , जिसे आपने गलती से राक्षसी ही समझ लिया था?
**शेर** - तुम सच कह रहे हो?
**भेड़िया** - हाँ, महाराज मैं सच कह रहा हूँ| आप मेरे साथ चलें|
**शेर - ठीक है** लेकिन तुम अपनी पूँछ मेरी पूँछ से बाँध लो|

---

**बोलो, तुम क्या सोचती हो!**
**प्रश्न 1. भेड़िए ने शेर को भोले महाराज क्यों कहा ? क्या शेर सचमुच भो ला था?**
**उत्तर -** शेर ने किसान की पत्नी बित्तो को राक्षसी समझ लिया था! जिस कारण वह डर कर भाग गया था| इसलिए भेड़िए ने शेर को भोले महाराज कहा| शेर सचमच भोला था तभी तो वह स्त्री को राक्षसी समझ बैठा|

**प्रश्न 2. शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँ छ क्यों बाँध ली?**

**उत्तर-** शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँछ इसलिए बाँध ली ताकि भेड़िया उसे फँसा कर खुद न भाग जाए| राक्षसी खाए तो दोनों को एक साथ खाए|

**प्रश्न 3. क्या शेर फि र बित् तो के खेत की तरफ गया होगा? हाँ, तो क्यों? नहीं, तो क्यों?**
**उत्तर-** शेर फिर कभी बित्तो के खेत की तरफ नहीं गया होगा, क्योंकि शेर बित्तो को सचमुच राक्षसी समझकर बहुत ज्यादा डर गया था|

**प्रश्न 4. बित्तो की हिम्मत तुम्हें कैसी लगी? अगर तुम बित्तो की जगह होती तो शेर से कैसी निपटती?**
**उत्तर-** बित्तों ने हिम्मत मुझे प्रेरणादायक लगी| अगर मैं बित्तो की जगह होती तो बित्तो की तरह नहीं करती| मैं अपने आस-पास के किसानों को इकट्ठा करती व शोर मचाते हुए खेत जाती| शोर सुनकर शेर जंगल में भाग जाता|

---

**राजा का राज़**
**शेर जंगल पर राज करता था|**
**मेरा राज़ किसी से न कहना|**
**राज और राज़ को बोलकर देखो|**
**दोनों के बोलने में फर्क है न?**
**प्रश्न 1. कहानी में से ऐसे ही ज़ पर लगे नुकते वाले शब्द ढूँढों|**
**उत्तर-** औज़ार फ़ौरान ज़ोर सिर्फ़ तरफ़

**प्रश्न 2. अब अपने मन से सोचकर ज़ पर लगे नुकते वाले पाँच शब्द लिखो|**
**उत्तर-** कागज़ ताज़ा ज़मानत ज़नाजा ज़्यादा

---

**अगर ऐसा होता तो**
**प्रश्न 1. अगर तुम शेर की जगह होती तो क्या करती?**
**उत्तर-** अगर मैं शेर की जगह होती तो किसान को घर जाने का मौका ही न देती| पहले ही बैल की छलाँग लगाकर दबोच लेती| किसान डर के मारे भाग जाता|

**प्रश्न 2. अगर तुम बित्तो की जगह होती शेर से कैसे निपटती?**
**उत्तर-** अगर मैं बित्तो के स्थान पर होती तो अपने पड़ोसी किसानों को इकट्ठा करती और उनके साथ शोर मचाती हुई खेत की ओर जाती शोर सुनकर शेर भाग जाता|

**पहचानो तो**
**प्रश्न- कहानी में तुमने दराँती का चित्र देखा| नीचे ऐसे कुछ और औज़रो के चित्र लिए गए हैं| उन्हें पहचानो और बॉक्स में दिए शब्दों में से सही शब्द ढूँढ़कर लिखो|**

**पेचकस, खुरपी, करनी, हथोड़ी, आरी**

**उत्तर-**




हथोड़ी




पेचकस



खुरपी



करनी



आरी

**वरना.....**

**प्रश्न- शेर ने किसान से कहा- अपना बैल मुझे दे दो वरना मैं तुझे खा जऊँगा| वरना शब्द का इस्तेमाल करते हुए तुम भी तीन वाक्य बनाओ|**

**उत्तर-** (1) जल्दी चलो वरना लेने ले देने पड़ जाएँगें|

(2) मेरी गेंद दे दो वरना मैं फिर तुम्हारे साथ नहीं खेलूँगा|

(3) पेट भर के खाना खा लो वरना भूखे ही सोना पड़ेगा|

**हम किसी से कम नहीं**

**प्रश्न- कई जगहों पर गाँवो में औरत खेतों में भी काम करती हैं| तुम्हारे आस-पास की औरतें और लडकियाँ क्या-क्या काम करती है?**

**उत्तर-** हमारे आस-पास की औरतें और लडकियाँ भी गाय-भैंस का दूध निकालती हैं| उन्हें चारा डालती हैं| रोज घर की साफ-सफाई करती हैं| खाना पकाती हैं | बच्चों को पढ़ाती हैं व अन्य घर के कार्य करती हैं|

**शेर और घोड़ा**

**प्रश्न- शेर और घोड़े में कई अंतर होते हैं|**

**ध्यान से सोचकर नीचे लिखो|**

**उत्तर-**

| | **शेर** | **घोड़ा** |
|---|---|---|
| **खाना** | मांस | घास |
| **घर** | जंगल की गुफा | अस्तबल |
| **रंग** | पीला, काली धारियों वाला | काला, सफ़ेद, चितकबरा |
| **आदतें** | जानवरों का शिकार करना दबे पाँव चलता है| | स्वामीभक्त, सरपट दौड़ता है| |

**कौन क्या है?**

**प्रश्न- नीचे दिए गए शब्दों को सही तालिका में लिखो|**

**किसान, बोतल, लता, कक्कू, केला, कलम, राजू, रानू, चूहा, नीना, शेर, जूता, चारपाई, पगड़ी, खरगोश, करेला, छलनी, बित्तो, घोड़ा, गौरया, बालटी, कोयल, नीम, किताब, दराँती|**

**उत्तर-**

| जानवर | चीजें | नाम |
|---|---|---|
| चूहा<br>शेर<br>खरगोश<br>घोड़ा<br>गौरया<br>कोयल | बोतल<br>कलम<br>केला<br>जूता<br>चारपाई<br>पगड़ी<br>करेला<br>चलनी<br>बालटी<br>किताब<br>दराँती | लता<br>कक्कू<br>किसान<br>राजू<br>रानू<br>नीना<br>बित्तो<br>पीपल<br>नीम |